समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# गौतम अडानी ने मिडिल ईस्ट तनाव पर जताई चिंता, बोले– भारत शांति की कीमत और जवाब देना दोनों जानता है।

Publisher

Published on 24 Jun 2025



## अडानी ग्रुप के चेयरमैन ने AGM के दौरान की बड़ी टिप्पणी, ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा– चुनौती कितनी भी बड़ी हो, हम पीछे हटने वालों मे नहीं।

**भारत संकट मे भी मजबूती से खड़ा है : गौतम अडानी**

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद में आयोजित **अडानी समूह की वार्षिक आम बैठक (AGM)** के दौरान समूह प्रमुख **गौतम अडानी** ने मिडिल ईस्ट में जारी **तनाव, वैश्विक अनिश्चितता** और **भारत की स्थिरता** पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आज भारत न केवल शांति की कीमत जानता है, बल्कि समय आने पर **कड़े जवाब देना भी जानता है**।

उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ हाल में हुए '**ऑपरेशन सिंदूर**' की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय सुरक्षा बलों ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

**एयर इंडिया हादसे पर जताया शोक**

गौतम अडानी ने हाल ही में अहमदाबाद में हुए **एयर इंडिया विमान हादसे** में जान गंवाने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी।

**"दुनिया बदल गई है, लेकिन भारत आगे बढ़ रहा है"**

अडानी ने कहा, “पिछले 12 महीनों में पूरी दुनिया बदल चुकी है — 60 से अधिक देशों में चुनाव हुए, अर्थव्यवस्थाएं हिलीं, सीमाएं बदलीं, लेकिन भारत सबसे तेज़ गति से आगे बढ़ता दिख रहा है।”

उन्होंने बताया कि **मध्य-पूर्व मे तनाव, यूरोप मे आर्थिक अस्थिरता और अमेरिका मे नीतिगत चुनौतियों** के बावजूद भारत अपनी नीतियों और दूरदृष्टि से स्थिर बना हुआ है।

“लहरों से डरकर पार नहीं होती नौका”
अडानी ने प्रेरणादायक अंदाज़ में कहा: “लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, हिम्मत करने वालों की हार नहीं होती।”

उन्होंने **केंद्र** और **राज्य सरकारों को आर्थिक सुधारों** और **संरचनात्मक विकास** के लिए श्रेय देते हुए कहा कि आज का **भारत आत्मनिर्भरता** की नई ऊंचाई की ओर बढ़ रहा है।

**अडानी समूह पर लगे आरोपों पर भी दी सफाई**
उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष **अमेरिकी न्याय विभाग (DoJ)** और **Securities and Exchange Commission (SEC)** ने **Adani Green Energy** से संबंधित कुछ शिकायतों की जांच शुरू की थी। लेकिन: “न हमारे किसी कर्मचारी पर FCPA (Foreign Corrupt Practices Act) उल्लंघन का आरोप है और न ही न्याय को बाधित करने का। हम कानूनी प्रक्रिया में पूरा सहयोग दे रहे हैं।”

अडानी ने कहा कि नकारात्मकता भरे समय में सच्चाई की आवाज दबाई जा सकती है, पर मिटाई नहीं जा सकती।

“**मेरी मां मेरी गाइडिंग स्टार है**”
अपनी मां को प्रेरणा बताते हुए गौतम अडानी ने कहा कि मुश्किल वक्त में उन्होंने हमेशा मार्गदर्शन किया और उन्हें सिखाया कि **संघर्ष मे ही असली नेतृत्व जन्म लेता है**।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.